आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक
हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 11 अंक : 27 लखनऊ, बुद्धवार 21 अक्तूबर से 27 अक्तूबर, 2020 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक रूपया

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी सावधानी बरतने की सलाह

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना वायरस की महामारी के बीच मंगलवार को सातवीं बार देश को संबोधित किया। उन्होंने देश के लोगों से कोरोना के प्रति लापरवाही नहीं बरतने की अपील की और कहा कि लॉकडाउन भले हटा लिया गया है पर कोरोना वायरस अभी गया नहीं है। उन्होंने लोगों से दो गज की दूरी रखने और मास्क लगाने की अपील की। प्रधानमंत्री ने अपना यह नारा भी दोहराया कि जब तक दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं। कोरोना वायरस के केसेज में लगातार हो रही कमी के बीच प्रधानमंत्री ने मंगलवार की शाम छह बजे देश को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि दुनिया के अनेक साधन संपन्न देशों के मुकाबले भारत की स्थिति संभली हुई है और ज्यादा से ज्यादा लोगों की जीवन सुरक्षित रखने में कामयाबी मिली है। उन्होंने देश के लोगों को दशहरा, नवरात्रि, दिवाली, छठ और गुरु नानक जयंती की शुभकामना भी दी। उन्होंने कहा– कोरोना के खिलाफ लड़ाई में जनता कर्फ्यू से लेकर आज तक हम सभी भारतवासियों ने बहुत लंबा सफर तय किया है। समय के साथ आर्थिक गतिविधियों में भी धीरे–धीरे तेजी नजर आ रही है। हम में से अधिकांश लोग, अपनी जिम्मेदारियों को निभाने



के लिए, फिर से जीवन को गति देने के लिए, रोज घरों से बाहर निकल रहे हैं। त्योहारों के इस मौसम में बाजारों में भी रौनक धीरे–धीरे लौट रही है। प्रधानमंत्री ने कहा– हमें ये भूलना नहीं है कि लॉकडाउन भले चला गया हो, वायरस नहीं गया है। बीते सात–आठ महीनों में, प्रत्येक भारतीय के प्रयास से, भारत आज जिस संभली हुई स्थिति में हैं, हमें उसे बिगड़ने नहीं देना है और अधिक सुधार करना है। आज देश में रिकवरी रेट अच्छी है, मृत्यु दर कम है। दुनिया के साधन–संपन्न देशों की तुलना में भारत अपने ज्यादा से ज्यादा नागरिकों का जीवन बचाने में सफल हो रहा है। उन्होंने कहा– कोविड महामारी के खिलाफ लड़ाई में टेस्ट की बढ़ती संख्या हमारी एक बड़ी ताकत रही है। प्रधानमंत्री ने कहा–ये समय लापरवाह होने का नहीं है। ये समय यह मान लेने का नहीं है कि कोरोना चला गया, या फिर अब कोरोना से कोई खतरा नहीं है। कई लोगों ने अब सावधानी बरतना बंद कर दिया है। ये ठीक नहीं है। मोदी ने कहा– अगर आप लापरवाही बरत रहे हैं, बिना मास्क के बाहर निकल रहे हैं, तो आप अपने आप को, अपने परिवार को, अपने परिवार के बच्चों को, बुजुर्गों को उतने ही बड़े संकट में डाल रहे हैं।

## हमने जनता का भी काम किया और राम का भी: योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्टार प्रचारक योगी आदित्यनाथ भी बिहार चुनावी रण में उतर गए। उन्होंने यहां कहा कि भाजपा विकास के कार्यों में कोई भेदभाव नहीं करती है। उन्होंने कहा कि हमने जनता का भी काम किया है और राम का भी काम किया है। कैमूर के रामगढ़



में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने विपक्षियों पर करारा सियासी हमला बोलते हुए कहा कि उनकी मानसिकता देश के विघटन की ओर ले जाने की है जबकि हमारी मानसिकता एक भारत श्रेष्ठ भारत बनाने की है। उन्होंने कहा कि हमलोग सबका साथ सबका विकास की बात करते हैं, वे लोग एक परिवार की बात करते हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस को देश में सबसे ज्यादा समय मिला, लेकिन उन्होंने कोई काम नहीं किया। कारण उनके एजेंडा में ना गरीब थे और न किसान थे। उनके यहां केवल परिवारवाद था। राजद के भी पोस्टर में चार लोगों के अलावा किसी की तस्वीर नहीं दिखती। जब वे पोस्टर में ही स्थान नहीं दे सकते तो सत्ता में क्या देंगे? योगी ने भाजपा को वादा पूरा करने वाली पार्टी बताते हुए कहा कि हमने जनता का भी काम किया और राम का भी काम किया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार देश में विकास कर रही है जबकि नीतीश कुमार बिहार के विकास में लगे हैं। हमने विकास में किसी प्रकार का कोई भेदभाव नहीं किया। हमारा वादा था कि पाकिस्तान में घुसककर आतंकी मारेंगे और मारा। भागवान राममंदिर बनाएंगें। कर दिया न पूरा। अब तो कोई नहीं कहा सकता भाजपा ने वादाखिलाफी की। भाजपा नेता ने कोरोना काल में किए गए कार्यो की भी चर्चा की।

## फर्जी टीवी रेटिंग की जांच करेगी सीबीआई

नई दिल्ली। न्यूज चौनलों की रेटिंग बढ़ाने के लिए होने वाले फर्जीवाड़े की जांच अब सीबीआई करेगी। उत्तर प्रदेश में इस सिलसिले में एक मामला दर्ज होने के बाद राज्य सरकार ने इस मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी है। वैसे इस मामले का खुलासा मुंबई में हुआ था और मुंबई पुलिस इस मामले की जांच कर रही है पर हैरान करने वाली बात यह है कि उत्तर प्रदेश में एक मामला दर्ज हुआ और आनन–फानन में राज्य सरकार ने सीबीआई जांच की सिफारिश की और सीबीआई ने मामला दर्ज भी कर लिया। सीबीआई ने केस दर्ज करने के लिए उत्तर प्रदेश में दर्ज शिकायत को आधार बनाया है। अधिकारियों ने बताया कि रेटिंग में हेराफेरी के आरोपों पर एफआईआर दर्ज किए जाने के बाद सीबीआई ने लखनऊ पुलिस से जांच का जिम्मा अपने हाथ में लिया है। गौरतलब है कि मुंबई पुलिस भी इस मामले की जांच कर रही है और उसने रिपब्लिक टीवी सहित तीन चैनलों को आरोपी बनाया है। रिपब्लिक



टीवी ने सीबीआई जांच की मांग की है और मुंबई पुलिस पर आरोप लगाया है कि सुशांत सिंह राजपूत मामले को लेकर सवाल उठाने की वजह से वह उसके खिलाफ बदले की कार्रवाई कर रही है। इस बीच मंगलवार को भाजपा प्रशासित उत्तर प्रदेश में एक शिकायत दर्ज होने के बाद योगी आदित्यनाथ सरकार ने सीबीआई जांच की सिफारिश कर दी। सीबीआई को हाथरस मामले में सिफारिश मिलने के बाद एफआईआर दर्ज करने में एक हफ्ते लग गए लेकिन इस मामले में एक ही दिन में जांच शुरू हो गई। गौरतलब है कि इस महीने की शुरुआत में मुंबई पुलिस ने कहा था कि न्यूज ट्रेंड्स के विश्लेषण के बाद एक रेटिंग घोटाला उभर कर सामने आया है कि कैसे गलत कहानी फैलाई गई, विशेष कर अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में। मुंबई के पुलिस प्रमुख परमबीर सिंह ने कहा था कि घरों में रेटिंग मीटर लगाने वाली एजेंसी हंसा के पूर्व कर्मचारियों ने तीन चौनलों के साथ खुफिया आंकड़े साझा किए, जिनके खिलाफ जांच की जा रही है। हंसा के आंकड़ों का इस्तेमाल ब्रॉडकास्ट ऑडिएंस रिसर्च कौंसिल, बार्क द्वारा किया जाता है जो देश भर के चैनलों की साप्ताहिक रेटिंग जारी करता है।

## सीबीआई का छापा 'राजनीति से प्रेरित' बसपा विधायक बोले

लखनऊ। सीबीआई के छापे झेलने वाले बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के विधायक विनय शंकर तिवारी ने आज एक बयान जारी कर दावा किया है कि यह कार्रवाई 'राजनीति से प्रेरित थी और वह ब्राह्मण होने की कीमत चुका रहे हैं।' सीबीआई ने तिवारी के स्वामित्व वाली फर्मो के परिसरों पर छापे मारे। इसके बाद तिवारी ने एक फेसबुक पोस्ट में लिखा कि वह ब्राह्मण होने की कीमत चुका रहे हैं। उन्होंने कहा, इससे पहले भी सरकार ने गोरखपुर में हमारे घर 'तिवारी हाटा' पर छापा मारा था। उन्होंने स्वीकार किया कि उन पर बैंक का 'लगभग ६०० करोड़ रुपये' बकाया है। उन्होंने कहा,




सरकार सीबीआई का इस्तेमाल मुझे परेशान करने के लिए कर रही है। केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल विरोध ा की आवाजों को खत्म करने के लिए किया जा रहा है। तिवारी बसपा विधायक और पूर्व राजनेता हरि शंकर तिवारी के पुत्र हैं, जो पूर्वी उत्तर प्रदेश में काफी प्रभाव रखते हैं। वह चिल्लूपार विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। अधिकारियों ने बताया कि लखनऊ और नोएडा में कई जगहों पर पर तलाशी के बाद सीबीआई ने विनय तिवारी और उनकी पत्नी रीता तिवारी को कथित तौर पर ७५४.२५ करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार कर लिया है।


# सम्पादकीय

## मोदी और नमस्ते ट्रंप

लगता नहीं है कि हाउदी मोदी और नमस्ते ट्रंप जैसे कार्यकर्मों से वर्तमान चुनाव में राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप को कोई खास फायदा हो रहा है। तमाम चुनाव सर्वेक्षणों का अनुमान यही है कि इस बार भी ज्यादातर भारतीय मूल के लोग डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार को वोट देंगे। इस बार डेमोक्रेटिक उम्मीदवार जो बाइडेन हैं। भारतीय मूल के लोग अन्य अल्पसंख्यकों की तरह परंपरागत रूप से डेमोक्रेटिक पार्टी के वोटर रहे हैं। हाल में जारी सर्वेक्षण के अनुसार अमेरिका में रहने वाले भारतीय मूल के ज्यादातर लोग जो बाइडेन और कमला हैरिस की जोड़ी को वोट देंगे। २०२० इंडियन अमेरिकन एटीट्यूड सर्वे के अनुसार भारतीय मूल के ७२ फीसदी वोटर बाइडेन को वोट देंगे, जबकि सिर्फ २२ फीसदी ही ट्रंप के समर्थन में हैं। तीन फीसदी लोग किसी तीसरी पार्टी को वोट करना चाहते हैं, जबकि तीन फीसदी किसी को भी वोट नहीं देना चाहते। पोलिंग फर्म यू–गोव ने ये सर्वे किया। उसने ये सर्वे अमेरिका की मशहूर जॉन हॉपकिंस यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी अफ पेनसिल्वेनिया और कार्नेगी एंडोमेंट फॉर इंटरनेशनल पीस के लिए किया। इसके निष्कर्ष अमेरिकी मीडिया में छप रही दूसरी रिपोर्टों से मेल खाती हैं। मसलन, मशहूर अखबार द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार कमला हैरिस का जो बाइडेन का जोड़ीदार होना उन्हें फायदा पहुंचा रहा है। अखबार के अनुसार बाइडेन को फ्लोरिडा, मिशिगन और पेनसिल्वेनिया राज्यों में इसका फायदा मिल सकता है। कमला हैरिस की मां भारतीय थीं और इस वजह से ना केवल अमेरिका में रहने वाले भारतीयों में वे लोकप्रिय हैं। सर्वेक्षणों के मुताबिक लगभग ४५ फीसदी लोगों ने यह माना है कि वे कमला हैरिस के ही कारण डेमोक्रेटिक पार्टी को वोट डालने वाले हैं। सामने यह आया है कि इस चुनाव में भारतीय मूल के अमेरिकी लोगों के लिए अमेरिका और भारत के रिश्ते कम मायने रखते हैं। इसके बजाय वे अमेरिका की स्वास्थ्य व्यवस्था और अर्थव्यवस्था जैसे मुद्दों से ज्यादा प्रभावित हैं। गौरतलब है कि अमेरिका की राजनीति में भारतीय मूल के लोगों का महत्त्व बढ़ा है। अमेरिका में ३ नवंबर को मतदान होना हैं। कोरोना महामारी के बीच इस बार चुनावी रैलियां उतनी भव्य नहीं हैं, जितनी आम तौर पर अमेरिका में देखी जाती हैं। माना जा रहा है कि महामारी को लेकर डॉनल्ड ट्रंप का जो रुख रहा, वही प्रमुख रूप से इस बार इस चुनाव के परिणाम को निर्धारित करेगा।

# उत्तर प्रदेश की दस राज्यसभा सीटों के लिए नामांकन शुरू

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की दस राज्यसभा सीटों पर नौ नवंबर को होने वाले मतदान के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। चुनाव आयोग के सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि द्विवार्षिक चुनावों की अधिसूचना आज सुबह जारी की गई। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख २७ अक्टूबर है। नामांकन की जांच २८ अक्टूबर को की जाएगी जबकि दो नवंबर को नाम वापसी की आखिरी तारीख है। उन्होंने बताया कि यदि आवश्यक हुआ तो मतदान नौ नवंबर को होगा और उसी दिन परिणाम घोषित किए जाएंगे। राज्य विधानसभा के सदस्य इस चुनाव में मतदाता हैं। उत्तर प्रदेश विधानसभा की ४०३ सदस्यों वाले सदन में भाजपा के ३१० विधायक हैं। सत्तारूढ़ दल भाजपा के १० में से आठ सीटों पर आराम से जीतने की संभावना है। समाजवादी पार्टी(सपा) के ४६ विधायक है और पार्टी को एक सीट पर जीत की उम्मीद है जबकि संयुक्त विपक्ष द्वारा भी एक सीट जीती जा सकती है। राज्य विधानसभा में आठ सीटें रिक्त है। इसलिए आठ



सदस्यों की संख्या घटने से मतदाताओं की संख्या ३६५ रह जायेगी। जीतने वाले उम्मीदवार को ३४ वोट प्राप्त करने होंगे। सपा ने पहले ही प्रोफेसर राम गोपाल यादव को द्विवार्षिक चुनाव के लिए अपना उम्मीदवार के रूप में घोषित किया है, लेकिन भाजपा समेत किसी अन्य पार्टी ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। सपा प्रत्याशी प्रोफेसर राम गोपाल यादव बुधवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। सपा ने प्रत्याशी के नामांकन फार्म पर अपने हस्ताक्षर देने के लिए आज लखनऊ में अपने सभी विधायकों को भी तलब किया है। उत्तर प्रदेश के जिन सदस्यों का कार्यकाल २५ नवंबर, २०२० को समाप्त होगा। उसमें केंद्रीय मंत्री और भाजपा सदस्य हरदीप सिंह पुरी, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह, भाजपा के नीरज शेखर, सपा के राम गोपाल यादव, रवि प्रकाश वर्मा, डॉ० चंद्रपाल सिंह यादव और जावेद अली खान हैं जबकि बहुजन समाज पार्टी( बसपा) के वीर सिंह और राजाराम। इसके अलावा कांग्रेस सदस्य पीएल पुनिया शामिल है।

# सपा ने जारी की मुलायम सिंह यादव समेत ३० स्टार प्रचारकों की सूची

लखनऊ। समाजवादी पार्टी(सपा) ने पार्टी संरक्षक मुलायम सिंह यादव, अध्यक्ष अखिलेश यादव, उपाध्यक्ष किरनमय नन्दा, महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव समेत ३० नेताओं को उपचुनाव में स्टार प्रचारकों में शामिल किया है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने मंगलवार को बताया कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम १९५१ के सेक्शन ७७ के प्राविधानों के तहत प्रदेश में होने वाले सात विधानसभा उपचुनावों के लिए पार्टी के स्टार प्रचारकों की सूची आज घोषित कर दी गई। उन्होंने बताया कि स्टार प्रचारकों में पार्टी संरक्षक मुलायम सिंह यादव, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरनमय नन्दा और प्रमुख महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव, राष्ट्रीय महासचिव मोहम्मद आजम खां एवं इन्द्रजीत सरोज, नेता प्रतिपक्ष विधानसभा रामगोविन्द चौधरी तथा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के नाम प्रमुख हैं। राजेन्द्र चौधरी ने बताया कि प्रचारकों में माता प्रसाद पाण्डेय पूर्व विधानसभाध्यक्ष, धर्मेन्द्र यादव पूर्व सांसद, महबूब अली, शैलेन्द्र यादव ललई, संजय गर्ग, जगदीश सोनकर एवं इकबाल महमूद विधायक शाहिद मंजूर, कमाल अख्तर, रामआसरे विश्वकर्मा पूर्व मंत्रीगण, जावेद अली खां सांसद राज्यसभा, राज नारायन बिन्द पूर्व विधायक समेत रामसुन्दर दास निषाद, सुनील यादव, लीलावती कुशवाहा, डॉ. राजपाल कश्यप सभी सदस्य विधान परिषद तथा श्यामलाल पाल एवं जुगल किशोर बाल्मीकि पूर्व प्रदेश सचिव के नाम भी शामिल हैं। समाजवादी पार्टी के युवा प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्षों में अरविन्द गिरि समाजवादी युवजन सभा, दिग्विजय सिंह देव समाजवादी छात्र सभा, अनीस राजा यूथ ब्रिगेड तथा डॉ. राम करन निर्मल समाजवादी लोहिया वाहिनी को भी विधानसभा उपचुनाव के क्षेत्रों में प्रचार का जिम्मा सौंपा गया है।

# जल्द रोडवेज कर्मियों को एसीपी सहित ७वें वेतन का भुगतान

लखनऊ। राज्य सड़क परिवहन निगम में कार्यरत कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं को लेकर मंगलवार को परिवहन निगम मुख्यालय में यूपी रोडवेज इम्पलाइज यूनियन की प्रमुख सचिव परिवहन से वार्ता हुई। इस दौरान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रामजी त्रिपाठी समेत अन्य पदाधिकारियों ने प्रमुख सचिव को १६ सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। जिस पर प्रमुख सचिव परिवहन राजेश कुमार सिंह, विशेष सचिव परिवहन अखिलेश कुमार मिश्रा, प्रबंध निदेशक आयुक्त धीरज शाहू, अपर प्रबंध निदेशक राधे श्याम, एसके दुबे (प्रशासन) की मौजूदगी में यूनियन की मांगों पर सहमति बनी। प्रमुख सचिव ने पदाधिकारियों को आश्वासन दिया कि शीघ्र ही कर्मचारियों की एसीपी सहित सातवें वेतन का भुगतान किस्तों में किया जाएगा। इसके अलावा अधिकारियों ने बस बेड़ा बढ़ाए जाने पर चर्चा की। प्रमुख सचिव परिवहन ने मुख्य रूप से ३०० करोड़ रुपये के अनुदान को शीघ्र शासन से प्राप्त करने के लिए आश्वासन दिया है। वहीं अधिकारियों ने कहा कि सेवानिवृत्ति कर्मचारियों को उसी दिन ही ग्रेजुएटी, नगदी करण का भुगतान किया जाएगा। मृतकआश्रितों की नियुक्ति कार्मिकों की सेवानिवृत्ति के आधार पर वर्ष के हिसाब से की जाएगी। संविदा कर्मियों व वाह्य स्रोत कार्मिकों के वेतन से कटौती तत्काल बंद कर उनके बकाया भुगतान व प्रोत्साहन भत्तों का भी जल्द भुगतान किया जाएगा।

# चेकिंग के दौरान बिजली कर्मियों को लाठी डंडों से पीटा

लखनऊ। बिजली चेकिंग के दौरान कर्मचारियों के साथ हो रही मारपीट अभियान में बाधा पैदा कर रही है। जिससे बिजली चोरों के खिलाफ चलाया जा रहा अभियान प्रभावित हो रहा है। मंगलवार को बीकेटी डिवीजन के छुइंया पुरवा बिजली उपकेंद्र के अतंर्गत कुर्सी रोड पर दबंग उपभोक्ताओं ने बिजली कर्मचारियों की बुरी तरह से पिटाई कर दी। जिससे संविदा कर्मी कमलेश उर्फ रज्जन बुरी तरह से घायल हो गया। उपद्रवियों ने कमलेश की लाठी डंडों से पिटाई की। मौके पर पहुंचे उपखंड अधिकारी और जूनियर इंजीनियर ने किसी तरह से कर्मी को बचाया, जिसके बाद इलाज के लिए उसे अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं दूसरी ओर उपभोक्ताओं की ओर से लड़की ने भी बिजली कर्मचारियों पर जबर्दस्ती घर में घुसने और धक्का देने का आरोप लगाया। हालांकि शाम को पुलिस ने विभाग की ओर दबंग उपभोक्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। जानकारी के अनुसार बिजली टीम कुर्सी रोड पर बकाए पर बिजली काटने, और चोरी पकड़ने के लिए पहुंचे। उन्होंने सुखपाल के घर पहुंचकर बिल भुगतान के लिए कहा। सुखपाल पर करीब १६ हजार रुपये का बकाया है। इस दौरान सुखपाल ने बाद में बकाया देने और कनेक्शन नहीं काटने की बात कही। लेकिन टीम कनेक्शन काटने की बात पर अड़ी रही। वहीं दोनों से विवाद बढ़ने पर उपभोक्ता सुखपाल ने अन्य लोगों के साथ मिलकर बिजली कर्मियों पर लाठी डंडों से हमला किया। इस दौरान कई बिजली कर्मी भाग गए, लेकिन कमलेश उर्फ रज्जन उनके घेरे में आ गया। उन्होंने रज्जन को घर में बंदकर लाठी डंडों से पिटाई की, जिससे संविदा कर्मी बुरी तरह से घायल और बेहोश हो गया। सूचना पर पहुंचे उपखंड अधिकारी शैलेन्द्र धूसिया और अवर अभियंता अरविंद यादव ने पुलिस की मद से कर्मी को छुड़वाया। मारपीट में शामिल रुचित चौरसिया के घर मीटर को बाईपास कर बिजली चोरी की जा रही। जिस पर टीम ने उसके भी घर की चेकिंग का निर्णय लिया। जैसे ही टीम उसके घर कनेक्शन काटने पहुंची, लोगों ने दोबारा से बिजली टीम पर हमला कर दिया। किसी तरह से वे जान बचाकर भागे।

# बिहार में दो दिन चुनाव प्रचार करेंगे योगी


लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार और बुधवार को बिहार विधानसभा चुनाव में प्रचार करेंगे। मुख्यमंत्री मंगलवार को वहां तीन जबकि बुधवार को भी तीन विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। संबंधित आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार की सुबह लखनऊ हवाईअड्डे से बिहार के पटना के लिए प्रस्थान करेंगे। पटना से हेलीकॉप्टर से वह कैमूर जिले के रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में जद यू–भाजपा गठबंधन के उम्मीदवार के पक्ष में जनसभा करने जाएंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री की दूसरी जनसभा अरवल जिले के अरवल विधानसभा क्षेत्र में दोपहर को शुरू होगी जबकि तीसरी जनसभा रोहतास जिले के काराकाट विधानसभा क्षेत्र में होगी। मुख्यमंत्री शाम साढ़े पांच बजे तक



लखनऊ वापस लौट आएंगे। सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार की सुबह भी पटना जाएंगे जहां से वह अलग–अलग जनसभाओं को संबोधित करने हेलीकप्टर से जाएंगे और शाम तक वापस लखनऊ लौट आएंगे। कार्यक्रम के मुताबिक बुधवार को मुख्यमंत्री पटना पहुंचेंगे जहां से वह जमुई जाएंगे। उन्होंने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री पूर्वाह्न ११ बजे जमुई जिले के जमुई हाईस्कूल स्टेडियम में जमुई विधानसभा क्षेत्र के भाजपा–जदयू गठबंधन के उम्मीदवार के पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगे। जमुई के बाद वह अपराह्न एक बजे भोजपुर जिले के तरारी विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करेंगे। उनकी तीसरी जनसभा पटना जिले के पलिगढ़ विधानसभा क्षेत्र में ढाई बजे से शुरू होगी। इसके बाद शाम को उनकी लखनऊ वापसी होगी। सूत्रों ने कहा कि आगे भी बिहार में मुख्यमंत्री की जनसभाएं प्रस्तावित हैं।

# कोविड-१९ से बचाव, उपचार की प्रभावी व्यवस्था बनाए रखने के दिए निर्देश

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में कोविड–१९ के मरीजों की संख्या में कमी आने पर संतोष व्यक्त करते हुए महामारी से बचाव व उपचार की प्रभावी



व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। वह आज यहां एक उच्चस्तरीय बैठक में 'अनलॉक' व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनपद लखनऊ में कोविड–१९ के ष्टिगत विशेष सतर्कता बरती जानी चाहिए। जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग कोविड अस्पतालों से नियमित संवाद रखें तथा लोगों के ठीक होने की दर को और बेहतर करने का प्रयास करें। योगी ने बैठक में इसके साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि धान क्रय केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि किसानों को कोई असुविधा न हो। उन्होंने गो–आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं को सुढ़ करने के निर्देश दिए और कहा कि इन केंद्रों में मौजूद गोवंश के लिए चारे आदि की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा उनका नियमित स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जाए।

# युवक की पीट–पीटकर हत्या


लखनऊ। पीजीआई के हैबतमऊ मवाईया निवासी अर्जुन (२५) की सोमवार देर रात लाठी–डंडों से पीट–पीटकर हत्या कर दी गई। पड़ोसियों पर पुरानी रंजिश और विवाद के बाद हत्या का आरोप है। घटना को अंजाम देने के आरोप में पुलिस ने दिलीप और अजीत को हिरासत में ले लिया है। दोनों चाचा–भतीजे बताए जा रहे हैं। इंस्पेक्टर पीजीआई के मुताबिक अन्य आरोपितों की तलाश की जा रही है।पीजीआइ के हैबत मऊ मवाईया में निवासी नरपत के बेटे अर्जुन का पड़ोस में रहने वाले रिश्तेदारों से विवाद चल रहा था, जिसको लेकर कल अक्सर लड़ाई झगड़ा हुआ करता था। सोमवार देर रात मारपीट के दौरान अर्जुन के काफी चोटें लगीं। घरवाले अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अर्जुन ने दम तोड़ने से पहले पुलिस को अपने बयान के दौरान पूरा घटनाक्रम बताया। अजीत और दिलीप के बाद पुलिस अन्य आरोपितों की तलाश कर रही है।हैबतमऊ मवाईया गांव में आए–दिन जगह–जगह शराब गांजा पीकर नसेड़ी एक दूसरे से मारपीट करते हैं। ऐसा कोई दिन नहीं होता जिस दिन पीजीआई थाने में कोई ना कोई मारपीट व झगड़े का मामला न पहुंचे।अर्जुन से पहले पड़ोसियों ने जानबूझकर विवाद किया। उसे अकेला देखकर अचानक हमला कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं और उसकी मौत हो गई।

# पुलिसकर्मी बन शिक्षिका के गहने उड़ाए

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के आशियाना थानाक्षेत्र में टप्पेबाजों ने एक शिक्षिका को निशाना बनाते हुए उसके गहने उड़ा दिए। बताया जा रहा है कि मंगलवार सुबह वह रिक्शे से जा रही थीं। तभी खुद को पुलिसकर्मी बताकर फटकार लगाते हुए गहने उतरवा लिए। महिला को एक कागज में कांच की चूड़ी देकर असली जेवर लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी होने पर शिक्षिका ने आशियाना थाना पहुंचकर तहरीर दी है। एलडीए कलोनी के सेक्टर डी निवासी इंदू नायर एक निजी विद्यालय में शिक्षिका हैं। शिक्षिका के मुताबिक, वह सुबह ६ : ३० बजे अपने स्कूल से रिक्शे से घर वापस जा रही थी। इसी दौरान सेक्टर जी चौराहे के आगे काले रंग की बाइक सवार दो युवक आए। उन्होंने खुद को पुलिसकर्मी बता कर कहा कि एक लूट की वारदात हो गई है और आपने जेवर पहन रखे हैं। उसे उतारकर पर्स में रख लीजिए। महिला टप्पेबाजों के झांसे में आ गई। टप्पेबाजों ने जेवर हाथ में लेकर रख लिए। झांसा देते हुए सादे कागज को लपेटकर महिला के बैग में रखवा दिया और घर जाकर निकालने की बात कही। जब महिला ने घर जाकर कागज खोलकर देखा तो उसमें कांच की चूड़ियां निकली। पीड़िता के मुताबिक, टप्पेबाज एक सोने की चेन , एक अंगूठी व एक सोने की चूड़ी ले गए।

# २४ घंटों में महिला व बाल अपराधों के मामलों में २३ आरोपितों को आजीवन कारावास

लखनऊ, उत्तर प्रदेश में मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व बच्चों के साथ होने वाले अपराधों में पुलिस व अभियोजन विभाग रोजाना तेजी से कदम बढ़ा रहा है। अभियोजन विभाग की मजबूत पैरवी के चलते बीते २४ घंटों में महिला व बाल अपराधों के मामलों में २३ आरोपितों को आजीवन कारावास की सजा दिलाई गई है। इसके अलावा ३१ आरोपितों को कारावास व आर्थिक दंड की सजा दिलाई गई।उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने मंगलवार को अभियोजन निदेशालय में वेबसाइट यूपी प्रसीक्यूशन डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन (**http://upprosecution-upsdc-gov-in/hi&in/**) का शुभारंभ किया और अभियोजन निदेशालय के यू–ट्यूब चौनल यूपी प्रॉसीक्यूशन को भी लांच किया।एडीजी अभियोजन आशुतोष पांडेय ने बताया कि यू–ट्यूब चौनल के जरिये महिला व बच्चों के साथ होने वाले अपराधों को लेकर कानून में हुए बदलाव समेत अन्य विधिक मामलों को लेकर



लोगों को जागरूक भी किया जाएगा। एडीजी ने कहा कि पुलिस की मजबूत पैरवी का परिणाम है कि बीते कुछ दिनों में महिलाओं व बच्चों के साथ हुए जघन्य अपराधों में १४ आरोपियों को फांसी की सजा दिलाई जा सकी है। उन्होंने बताया कि ऐसे अपराधों से जुड़े ४६ मामलों में आरोपितों की जमानत निरस्त कराने की कार्रवाई भी की गई और एक दिन में २८ अपराधियों को जिला बदर कराया गया।बता दें कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने १७ अक्टूबर, २०२० से २२ अप्रैल, २०२१ तक मिशन शक्ति अभियान की शुरुआत की है। मिशन शक्ति अभियान की अवधि में प्रभावी अभियोजन के माध्यम से दुष्कर्म, दुष्कर्म सहित हत्या, दुष्कर्म के प्रयास एवं बालकों के विरुद्ध यौन अपराध करने वाले अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी। छेड़खानी, लज्जा भंग, पीछा करने वाले शोहदों, फब्तियां कसने वालों, अनायास घूरने वालों, तेजाब हमला करने वालों, अश्लीलता करने वालों, अनैतिक देह व्यापार कराने वालों, शराब पीकर हुड़दंग करने वालों अपराधियों को भी जमानतें खारिज कराकर कठोर सजा भी दिलाई जाएगी।

# उत्तर प्रदेश की जनता बुरी तरह त्रस्तः अखिलेश यादव

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा



राज में जनता बुरी तरह त्रस्त है। कमजोरों पर भाजपा सरकार की दहशतगर्दी इतनी बढ़ी हुई है कि लोग विधान भवन के सामने ही आत्मदाह करने को मजबूर हो रहे हैं। जनता महंगाई, बेकारी, लूट, हत्या व अपहरण से डरी और सहमी है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि महिलाओं और बच्चियों को आए दिन छेड़छाड़ और दुष्कर्म का शिकार होना पड़ रहा है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि मुख्यमंत्री ने मान लिया है कि उत्तर प्रदेश में उनकी सरकार के दिन अब गिने–चुने रह गए हैं। हर मोर्चे पर विफलता के नाते वे आगामी आम चुनाव में टिक नहीं पाएंगे इसलिए इन दिनों वे बिहार में चुनाव प्रचार में लग गए हैं। न यहां रहेंगे, न जनता की चीख पुकार सुनाई देगी। दलितों पर अत्याचार के मामले सभी हदों को पार कर गए हैं।सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के पास कोई योजना नहीं होने से इसका नेतृत्व हताशा में डूब गया है। मुख्यमंत्री ने यह फार्मूला अपना रखा है 'जनता के नाम जो समाजवादी पार्टी का काम, बस उसे कर लेना है अपने नाम।' समाजवादी सरकार ने कैंसर अस्पताल बनवाया, चार साल होने को है भाजपा सरकार सोई रही। अब जब विदाई की बेला आ गई है तो मुख्यमंत्री और रक्षामंत्री समाजवादी सरकार के काम पर अपने नाम का पत्थर लगवा रहे हैं।

# बुजुर्ग को मोटरसाइकिल सवार ने मारी टक्कर मौत

लखनऊ। एक बार फिर राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में रफ्तार का कहर देखने को मिला मंगलवार की सुबह किसान बाबादीन पुत्र स्वर्गीय मन्ना दास लगभग ६२ वर्ष एक मांगलिक कार्यक्रम में बरकत नगर भट्टी मोहनलालगंज से शामिल होकर सुबह अपने गांव गढी मवैया के लिए वापस आ रहा था तभी बलसिंह खेड़ा तिराहे के पास अनियंत्रित मोटर साइकिल चालक ने लापरवाही से चलाते हुए पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिसके वह गंभीर घायल हो गए सूचना मिलने के बाद परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहन लालगंज इलाज के लिए ले गए इलाज के दौरान घायल बाबादीन की मृत्यु हो गई जिससे परिवार में मातम छा गया मौके पर पहुंची मोहन लालगंज पुलिस ने मृतक का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए शव लखनऊ भेज कर आगे की जांच में जुट गई है

# कोरोना काल में कैसे करें २४ अक्तूबर ,शनिवार को कन्या पूजन ?

**मदन गुप्ता सपाटू**

काफी लोगों के मन में अष्टमी तथा कन्या पूजन को लेकर असमंजस की स्थिति है जिसका सपष्टीकरण हम यहां दे रहे हैं। पंचांग के अनुसार , २३ अक्तूबर, शुक्रवार की प्रातः सप्तमी ६ बजकर ५७ मिनट पर समाप्त हो जाएगी और अष्टमी आरंभ हो जाएगी जो २४ तारीख को सुबह ६:५६ तक रहेगी। जहां सूर्योदय ६.३५ के बाद है , वहां श्री दुर्गाष्टमी २३ तारीख को मनाई जाएगी। इस नियम के अनुसार दिल्ली , हरियाणा आदि में अष्टमी २४ को मनाई जाएगी। अब यह आस्था और सुविधानुसार आप दोनों में से किसी दिन भी मना सकते हैं। कुछ लोग सप्तमी का व्रत रखते हैं। आप कन्या पूजन अष्टमी और नवमी पर कर सकते हैं।

### कोरोना काल में कैसे करें कंजक पूजन ?

वर्तमान परिस्थितियों में जहां फेस्टिवल सीजन में पराली दहन, आपसी दूरी बना कर न रखना, मास्क न पहनने के कारण, संक्रमण बढ़ सकता हे , ऐसे में आप घर में उपलबध ही कन्याओं और एक छोटे बालक के पूजन से ही काम चलाएं। शगुन एवं परंपरा के लिए हलवा , पूरी , काले चने उतना ही बनाएं जितना बांट सकें। गरीब बस्तियों में आप इसके और उपहार के पैकेट बना कर नियमों का पालन करते हुए वितरित कर सकते हैं।

### कन्या पूजन का पारंपरिक विधान

दुर्गाष्टमी को कन्या पूजन करके व्रतादि का उद्यापन करना शुभ रहेगा। अष्टमी पर ६ वर्ष की कन्या ६ कन्याओं तथा एक बालक को अपने निवास पर आमंत्रित करें। उनके चरण धोएं। मस्तक पर लाल टीका लगाएं, कलाई पर मौली बांधें। लाल पुष्पों की माला पहनाएं उनका पूजन करके उन्हें हलुवा , पूरी, काले चने का प्रसाद दें या घर पर ही इसे खिलाएं। चरण स्पर्श करके आशीर्वाद लें ।उन्हें लाल चुनरी या लाल परिधान तथा उचित दक्षिणा एवं उपयोगी उपहार सहित विदा करें । आज कन्या रक्षा का भी संकल्प लें ।





### श्री दुर्गाष्टमी

देवी का अष्टम स्वरुप महागौरी का है ।इसे श्री दुर्गाष्टमी भी कहा जाता है। भगवती का सुंदर ,सौम्य ,मोहक स्वरुप महागौरी में विद्यमान है। वे सिंह की पीठ पर सवार हैं। मस्तक पर चंद्र का मुकट सुशोभित है। चार भुजाओं में शंख, चक्र,धानुष और बाण हैं। सबसे महत्वपूर्ण है कि माता का यह स्वरुप सौन्दर्य से संबंधित है। इनकी आराधना से सौन्दर्य प्रदान होता है।जो युवक युवतियां सौन्दर्य के क्षेत्र में जाने के इच्छुक हैं, वे आज महागौरी की आराधना करें।फिल्म, ग्लैमर व रंगमंच की दुनिया की इच्छा रखने वाले या सौन्दर्य प्रतियोगिताओं में भाग लेने जा रहे ,युवा वर्ग आज व्रत के साथ साथ निम्न मंत्र का जाप भी अवश्य करे। जिनके वैवाहिक संबंध सुंदर न होने के कारण नहीं हो रहे या टूट रहे हों वे आज अवश्य उपासना करें। चौकी पर श्वेत रेशमी वस्त्र बिछा कर माता की प्रतिमा या चित्र रखें। घी का दीपक जला कर चित्र पर नैवेद्य अर्पित करें ।दूध निर्मित प्रसाद चढ़ाएं।

मंत्र– ओम् ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चो! ओम् महागौरी देव्यै नमः!! की एक या ११ माला करें ।अपनी मनोकामना अभिव्यक्त करें। आज अष्टमी पर मनोकामना अवश्य पूर्ण होगी।

### नौ देवियों के रूप में नौ कन्याएं

शास्त्रों में कहा गया है कि नौ देवियों के रूप में अष्टमी या नवमी के दिन व्रत का परायण करने से पहले नौ कन्याओं का पूजन करना चाहिए। ये नौ कन्याएं नौ देवियों का ही रूप हैं। हर कन्या एक देवी का रूप है जिसका पूजन करते हुए उपासक परोक्ष रूप से उस देवी का ही पूजन करता है। इसमें दो साल की बच्ची कुमारीए तीन साल की त्रिमूर्तिए चार साल की कल्याणीए पांच साल की रोहिणीए छरू साल की कालिकाए सात साल की चंडिकाए आठ साल की शाम्भवीए नौ साल की दुर्गा और दस साल की कन्या सुभद्रा का स्वरूप होती हैं। जरूरी नहीं कि नौ ही कन्याएं पूजन के लिए आएं अगर ज्यादा कन्याएं आ गई हैं तो उनका भी विधिवत पूजन करें और प्रसाद वितरित करें। अगर कन्याओं की संख्या ज्यादा न हो पाए तो भी चिंता न करेंए केवल दो कन्याओं को पूजने से भी व्रत का परायण संपन्न हो सकता है। बस इस बात का ध्यान रखें कि कन्याओं की उम्र ६ साल से ज्यादा न हो। वैसे भी शास्त्रों के अनुसार एक कन्या की पूजा से ऐश्वर्य की प्राप्त होती है। दो कन्याओं की पूजा से भोग और मोक्ष साथ साथ मिलते हैं। तीन कन्याओं के पूजन से धर्म के साथ साथ अर्थ व काम की भी प्राप्ति होती है। चार कन्याओं की पूजा से राजयोग मिलता है और पांच कन्याओं के पूजन से विद्या धन की प्राप्ति होती है। छह कन्याओं का पूजन छह तरह की सिद्धि दिलाता है और सात कन्याओं का पूजन राज्य में राज का सुख मिलता है। आठ कन्याओं के पूजन से संपूर्ण संपदा और नौ कन्याओं के पूजन से धरती के प्रभुत्व की प्राप्ति होती है।

### मनपसंद गिफ्ट देकर कंजकों को करें खुश

वैसे समय अब काफी मॉडर्न हो गया हैं इसलिए आप प्रसाद के साथ उन्हें मनपसंद चीजें उपहार में भी दे सकते हैं क्योंकि गिफ्ट पाकर हर बच्चा खुश होता है। बाजार में आपको ऐसी बहुत सारी चीजें मिल जाएंगी जिन्हें आप कंजक पूजन में बच्चों को दे सकते हैं। ध्यान रहें ऐसी कोई भी गिफ्ट उन्हें ना दें जो उनके काम ना आए। ये उपहार उनकी उम्र के हिसाब से हो तो अच्छा है। कंजक पूजन में दिए जाने वाले गिफ्ट को लेकर बाजारों में खूब धूम मची हुई हैं। बस अपनी पसंद की चीजे लाएं और बच्चों को खुश करें।

**एक्सेसरीज–** लड़कियों को एक्सैसरीज बहुत पसंद आती है। आप उनके लिए नेकलेस, कलरफुल बैंग्ल्स ब्रैस्लेट हेयरबैंड क्लिप्स हेयरपिन छोटे इयररिंग आदि दे सकते हैं। लेकिन ये चीजें ६ से ६ साल की लड़कियों को दें तो अच्छा हैं क्योंकि वह इन चीजों का इस्तेमाल करना बखूबी जानती हैं। **स्टेशनरी–** छोटे बच्चों को स्टेशनरी का सामान गिफ्ट में दिया जाए तो सबसे बढ़िया हैं ये चीजें उनके बहुत काम आती हैं। आप उन्हें पैंसिल बक्स, शर्पनर, पेंन, रबड़ और ड्राइंग कलर दे सकते हैं। अगर बच्चे ४ से ५ साल के हैं तो उन्हें आप कविता–कहानी से जुड़ी किताबें भी दे सकते हैं। **खिलौने–** २ से ३ साल के बच्चे खिलौने से खेलना ज्यादा पसंद करते हैं तो आप इन्हें बैलून टैंडी कलरफुल ब्लॉक गेम्स एल्फाबेट्स गेमस आदि दे सकते हैं।

**स्कूल आइटम–** बच्चे स्कूल में टिफ्फन वॉटर बोतल सिप्पर आदि की जरूरत तो पड़ती ही हैं आप उन्हें उनके मनपसंद कार्टून करैक्टर वाली ये चीजें भी दे सकते हैं।

**पिग्गी बैंक–** अगर आप बच्चों को देने के लिए कोई चीज सिलैक्ट नहीं कर पा रहे तो उन्हें पिग्गी बैंक दीजिए। इससे उन्हें अपनी पॉकेट मनी सेव करने की अच्छी आदत भी पड़ेगी। इसे आप हर उम्र के बच्चे को दे सकते हैं।

## बेटे ने बांके से की पिता की हत्या

लखीमपुर–खीरी। सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत जमीनी विवाद को लेकर मंगलवार की सुबह एक बेटे ने अपने पिता की हत्या कर दी। जिसके बाद मौके से फरार हो गया। वहीं घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। इस दौरान गोली लगने से एक आरोपी घायल भी हो गया है। मामले पर जानकारी देते हुए चौकी प्रभारी संकटा देवी संतोष राय ने बताया कि चौकी क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला गांधी नगर निवासी महादेव (८५) पुत्र मातादीन के दो बेटे हैं पप्पू और शिवबालक हैं। महादेव अपने छोटे बेटे पप्पू के साथ गांधीनगर में ही रहता था। महादेव के नाम ६० बीघा जमीन थी। जिस का बंटवारा २०–२० बीघा के रूप में तीनों में हुआ था परंतु इस बात से शिवबालक नाराज था। इसी नाराजगी के चलते मंगलवार सुबह करीब ६ बजे व इस विवाद में समझौते के लिए अपने बेटे दिवाकर, सुधाकर, सुभाष व अमन वर्मा निवासी भानपुर कोतवाली सदर के साथ अपने पिता के घर आया था। जहां पर बाद में वाद–विवाद बढ़ गया और सभी ने मिलकर महादेव पर बांके से हमला कर दिया। जिससे मौके पर ही महादेव की मौत हो गई। इस दौरान फायर भी किया गया जो आरोपियों के साथी को ही लग गया। मृतक के शव को पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया गया है वहीं घायल आरोपी को इलाज के लिए जिला अस्पताल भर्ती किया गया है। फरार आरोपियों की तलाश पुलिस कर रही है।




## डीएम ने महिलाओं को दी जिम्मेदारी

निघासन–खीरी। ब्लाक परिसर में डीएम की अध्यक्षता में शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन में स्वयं सहायता समूह ब्लाक रमियाबेहड़ सहित निघासन की महिलाओं को प्रमाणपत्र बांटकर शुलभ शौचालयों के देखभाल व साफ सफाई की जिम्मेदारी सौंपी गई। मंगलवार को ब्लाक परिसर में शुलभ शौचालयों की जिम्मेदारी समूह की महिलाओं को सौपने के लिए एक शिविर का आयोजन डीएम शैलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें ब्लाक रमियाबेहड़ सहित निघासन ब्लाक की ५१ महिलाओं को प्रमाणपत्र सौंपते हुए बताया कि ग्राम पंचायतों में शुलभ शौचालयों का निर्माण कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है। जिनकी स्वच्छता के लिए समूह की महिलाओं को जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। जिसमें उन्हें प्रति शौचालय छः हजार व उसके रख–रखाव के लिए तीन हजार रुपये स्वयं सहायता समूह के माध्यम से प्रतिमाह वेतन के रुप में दिये जायेंगे और इतना ही शौचालय के परिसर की भी स्वच्छता पर जोर दिया जाए। इस दौरान सीडीओ अरविंद सिंह, डीपीआरओ, एसडीएम ओपी गुप्ता, तहसीलदार धर्मेंद्र पांडेय, वीडीओ आलोक वर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## संपूर्ण समाधान दिवस उप जिलाधिकारी ने सुनीं शिकायतें

लखीमपुर–खीरी। मितौली तहसील मुख्यालय स्थित ब्लॉक सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस उप जिलाधिकारी मितौली दिग्विजय सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ इस अवसर पर मुख्य रूप से तहसीलदार मितौली अवधेश कुमार पुलिस उपाधीक्षक मितौली शीतांशु कुमार खंड विकास अधिकारी मितौली ने आए हुए फरियादियों की समस्याएं सुनी संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व संबंधी चार प्रार्थना पत्र एवं पुलिस विभाग से संबंधित तीन प्रार्थना पत्र तथा विद्युत विभाग से संबंधित तीन प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए कुल १० शिकायती प्रार्थना पत्रों को उप जिलाधिकारी मितौली ने संबंधित विभागों को शीघ्र निस्तारण के लिए प्रेषित किया गया इस अवसर पर थाना प्रभारी मितौली प्रभारी निरीक्षक मैगलगंज प्रभारी निरीक्षक नीमगांव तथा शिक्षा विभाग से एबीएसए सुनील कुमार व अन्य विभागीय कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।

# अद्भुत नदी : पांच रंगों की नदी

**अमरेन्द्र सहाय अमर**

दुनिया में एक से बढ़कर एक खूबसूरत अनोखी और अद्भुत नदियां बहती हैं. कुछ नदियां इतनी ज्यादा रहस्यमयी होती हैं, जिनके बारे में जानकर लोग अचंभे में पड़ जाते हैं. आज हम आपको एक ऐसे ही नदी के बारे में बताने जा रहे हैं जिसका पानी सफेद होने की जगह पांच रंगों का है. आज हम आपको बताने जा रहे हैं दुनिया की सबसे खूबसूरत नदी केनो क्रिस्टल के बारे में. दक्षिण अमेरिका के कोलंबिया में मौजूद केनो क्रिस्टल नदी सेरेनिया द ला मेंकराना से होकर गुजरती है. इस नदी की खासियत यह है कि यह पूरे साल तो बाकी की नदियों की तरह ही दिखाई देती है. पर जुलाई से लेकर नवंबर तक यह नदी पांच रंगों की हो जाती है. जिसका नजारा बहुत ही खूबसूरत होता है. क्रिस्टल केनो नदी को रिवर ऑफ फाइव कलर्स के नाम से भी जाना जाता है. गर्मी से लेकर बरसात तक इस नदी में माईक्रेनिया क्लेविग्रा के बहुत सारे पौधे निकल जाते हैं. जिसके कारण इस नदी का पानी कलरफुल हो जाता है. यह पौधे नदी के पानी के अंदर और बाहर दोनों तरफ निकलते हैं. इनके फूलों के कारण इस नदी का पानी हरा, नारंगी, लाल, पीला दिखाई देता है. जो देखने में बिल्कुल इंद्रधनुष की तरह लगता है. इस नदी के ऊपर एक खूबसूरत रक पूल भी बना हुआ है. इस नदी पर मौजूद घुमावदार चट्टानें इस नदी की खूबसूरती को और भी बढ़ाते हैं. इस नदी तक का सफर बहुत ही मुश्किल होता है. पर फिर भी इसकी खूबसूरती को देखने के लिए यहां पर बहुत से टूरिस्ट आते हैं. केनो क्रिस्टल नदी में बहुत सी पहाड़ियाँ हैं. इसमें ४०० से अधिक प्रजाति के पक्षी, १० प्रजाति के जलचर समेत तमाम तरह के जीव जंतुओं का ठिकाना है. केनो क्रिस्टल १०० किलोमीटर से कम लम्बी और बमुश्किल २० मीटर चौड़ी नदी को देखने का अनुभव अपने आप में विलक्षण है. इसके लिए विलाविसेंसियो से लेकर ला मेंकराना तक हवाई सफर करना पड़ता है. बीहड़ जंगल में मौजूद केनो क्रिस्टल तक पंहुचने के लिए बोट का सहारा लेना पड़ता है. भारत में जहां नदियों को पवित्रता की वजह से जाना जाता है वहीं विदेशों में नदियां अपनी खूबसूरती से सभी को अपनी ओर आकर्षित करती हैं. ये नदी देखने में जितनी खूबसूरत है, वहीं इसकी एक और खासियत भी है जो इसे दूसरी नदियों से अलग बनाती है. ये नदी सबसे अलग और अनोखी है.।





## नगर पंचायत के विकास का मसौदा तैयार

### दो सौ एलईडी लाइटों से गुलजार होगा कस्बा

निघासन–खीरी। लम्बे समय से कर रहे कस्बे वासियों का इन्तजार लगभग खत्म होने को है। नव सृजित नगर पंचायत के विकास का खाका शासन ने तैयार कर भवन निर्माण सहित अन्य जरूरी साधनो जैसे अहम मदो पर कार्य शुरू कराने के लिए तकरीबन ६८ लाख रुपये की धनराशि जारी कर दी। यह जानकारी बताते हुए खीरी सांसद अजय मिश्रा टैनी ने एसडीएम ओपी गुप्ता से बात कर जल्द ही इस कार्य पर काम करे उन्होने कहा कि निघासन वासियों की मेहनत व प्रयासों का यह परिणाम है जिससे कि लम्बे समय के बाद नगर पंचायत का दर्जा कस्बे को मिल पाया है।वही कस्बे मे दो सौ एलईडी लाइटो से कस्बा गुलजार होगा। इसके लिए एसडीएम से बात करते हुए आदेशित किया। लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाऊस में पत्रकारों से बात चीत करते हुए सासंद ने कहा कि भारत नेपाल सीमा तट पर बहने वाली नेपाली नदियों से भारत मे अधिक नुकसान होता है। नेपाल में नदियों के किनारे तट बंध बना दिये गए जिससे सभी नदियों का पानी तराई क्षेत्र को अधिक प्रभावित करता है और कहा कि इसकी रोकथाम के लिए केंद्र सरकार को अवगत करा कर इसका समाधान कराने हेतू पत्र लिखा था। पत्र को संज्ञान में लेते हुए सरकार ने दोनों देशों के बीच होने वाली अगली बैठक में यह समस्या प्रमुखता से रखने का फैसला लिया है। यह भी बताया कि अगर इस बिंदु पर कोई निर्णय होता है उसका सीधा लाभ खीरी जिले के नेपाली नदियों से प्रभावित होने वाली आबादी को मिलेगा। नगर पंचायत पर बोलते हुए कहा कि कस्बे में ही नगर पंचायत कार्यालय बनाये जाने के लिए भूमि का चयन पूरा हो गया है जल्द ही उसके लिए भवन निर्माण शुरू होगा इसके साथ ही मुख्य चौराहे के कायाकल्प कराया जायेग तथा लाइटो की स्थापना होगी।इस दौरान अरविंद सिंह संजय केपी राना,प्रज्ञानँद योगेश दीक्षित (मोनू) सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मशीनरी बैंक का डीम ने किया शुभारम्भ

**कृष्ण कुमार शुक्ला**

निघासन–खीरी। सम्पूर्ण समाधान दिवस के बाद जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह ने बेलरायां चीनी मिल द्वारा लाये गए विभिन्न कृषि यंत्रों से लैस फार्म मशीनरी बैंक का फीता काटकर उद्धघाटन किया। मशीनरी बैंक के उद्धघाटन के दौरान जिला गन्ना अधिकारी ब्रजेश कुमार पटेल व मिल के प्रधान प्रबंधक सुशील कुमार गौड़ ने मौजूद सभी यंत्रो की जानकारी दी और मौजूद किसानों को भी बताया कि अब उन्हें खेतो में फसल के अवशेष जलाने की आवश्यकता नहीं है। मिल से वह सभी यंत्र किराये पर लेकर उसे खेत मे ही नष्ट कर सकते हैं। जिसे किसानों को दोहरा लाभ मिलेगा। साथ ही बुवाई मशीन से बुवाई करने से होने वाले लाभों की जानकारी भी दी। इस दौरान एसडीएम ओपी गुप्ता, ज्येष्ठ गन्ना अधिकारी मनोज कुमार पांडेय, मुख्य गन्ना अधिकारी, अशोक सिंह, अनिल सिंह, देवेंद्र त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## गोष्ठी का आयोजन

**कृष्ण कुमार शुक्ला**

मोहम्मदी खीरी। प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला सशक्तिकरण के संबंध में मोहम्मदी में मिशन शक्ति के रूप में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र से महिलाएं बालिकाएं और सामाजिक संगठनों की महिलाओं ने भाग लिया ,बैठक को संबोधित करते हुए उप जिलाधिकारी स्वाती शुक्ला ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना के अंतर्गत सभी महिलाएं और बालिकाएं निर्भीक और निडर होकर आत्मनिर्भर बने आप साहस के साथ आने वाली कठिनाईयो का सामना करे,आपको किसी भी तरह डरने की जरूरत नही है, हम सब आपके साथ है,साहस के साथ हर मुश्किल को पार करते हुए आगे बढे,पुलिस उपाधीक्षक अभय प्रताप मल ने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं के हितो को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा की व्यापक जिम्मेदारी दी गई है पुलिस और प्रशासन हर कदम पर आपके साथ हैं जिसमें नारी सुरक्षा, नारी सम्मान , नारी ज जागरूकता और सशक्तिकरण के रूप में यह योजना चलाई गई है उन्होंने कहा आप को जब भी जरूरत हो तो पुलिस को फोन कर सकती है,वही सरकारी नंबरों के साथ–साथ १०९०, १८१ ,१०७६ ,११२ और १०८ पर फोन करके तत्काल सेवा ले सकती हैं ,पुलिस हर कदम पर आपके साथ है,प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार त्रिपाठी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण मिशन शक्ति के रूप में इस कोतवाली में एक महिला संबंधित डेस्क बनाई गई है,जिसके माध्यम से आपकी हर समस्या का समाधान किया जाएगा,आपके पूरे मान सम्मान के साथ हर महिला की समस्याओं को सुनकर उसका निराकरण किया जाएगा ,उन्होंने कहा महिलाएं हर क्षेत्र में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही हैं, अपने मनोबल को बढ़ाते हुए आगे बढ़े,इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से स्पेक्टर क्राइम सत्य प्रकाश यादव, एसएसआई अमरनाथ राय ,चौकी इंचार्ज रहरिया मनीष पाठक ,कस्बा इंचार्ज जगपाल सिंह आरक्षी नेहा यादव, निधि सिंह, समाजसेवी रजनी सैनी सहित काफी लोगों ने सभा को संबोधित किया, कार्यक्रम की सभी ने प्रशंसा की।

# शारदानगर रेंज में धड़ल्ले से हो रहा अवैध कटान, अफसर नहीं कर रहे भ्रष्ट वन दरोगा के खिलाफ कार्यवाही

लखीमपुर खीरी। दक्षिण खीरी वन प्रभाग की शारदानगर रेंज हमेशा ही अवैध कटान के चलते अखबारों व सोशल मीडिया पर सुर्खियों में रहती हैं। इसी रेंज की नकहा वन चौकी क्षेत्र के वन दरोगा शिवकुमार को भी सुर्खियों में बने रहने का चस्का लग गया है। शातिर लकड़कट्टों के साथ मिलकर वन दरोगा शिवकुमार अवैध कमाई के मोह–माया से बाहर निकलने की जगह और गहरे फंसते जा रहे हैं तथा लकड़ी माफियाओं के हाथ की कठपुतली बन कर रह गये है। आलम यह है कि शारदानगर वन दरोगा शिवकुमार ने चंद रूपयों की एवज में लकड़ी माफिया से सांठगांठ कर अपनी वन चौकी क्षेत्र की बेशकीमती हरियाली को सरेआम नीलाम कर दिया है। जानकारी के अनुसार दक्षिण खीरी वन प्रभाग की शारदानगर रेंज में नकहा वन चौकी क्षेत्र अपनी हरियाली के लिए पूरे प्रदेश में जाना जाता है। जहां आम शीशम सागौन जामुन समेत कई बेशकीमती पेड़ो की प्रजातियों से पूरा क्षेत्र सराबोर है। लेकिन शायद शातिर लकड़कट्टों की आंखों को नकहा क्षेत्र की हरियाली खटक रही है। तभी तो शातिर लकड़कट्टों ने नकहा वन चौकी क्षेत्र के वन दरोगा शिवकुमार से सांठगांठ कर उसे अपने रंग में रंग लिया तथा मोटी कमाई का लालच देकर क्षेत्र की हरियाली को धड़ल्ले से कटान शुरू कर दिया। बताते है कि बीते चंद दिनों में ही वन दरोगा शिवकुमार की मेहरबानियों के चलते शातिर लकडकट्टों ने करीब दो दर्जन से अधिक आम की हरी भरी बागों का सफाया कर दिया। अभी हाल ही में वन दरोगा शिवकुमार की मिलीभगत के चलते शातिर लकडकट्टों ने कटकुसुमा में बरम बाबा स्थान के पास में देशी आम की हरी भरी बाग समेत कई बागो का सफाया कर डाला है। वन दरोगाओं की मेहरबानियां के सदका शातिर लकड़कट्टों ने अटकोनवा हरैय्या के पास चार दिन पहले करीब आम के पैंतीस देशी पेड़ों को काट डाला था। इस अवैध कटान को कराने वाला लकडकटटा तौफीक वन दरोगा शिवकुमार का बहुत ही करीबी दोस्त हैं। इस अवैध कटान की शिकायत होने पर वन दरोगा शिवकुमार ने अपना याराना निभाते हुए महज पच्चीस हजार रुपए का ही जुर्माना लगाया। यह अवैध कटान तो सिर्फ बानगी भर है, इसके अलावा भी वन दरोगा शिवकुमार ने क्षेत्र की दर्जनों हरी भरी आम की बागों का सफाया करा दिया है। वन दरोगा शिवकुमार के इन कारनामों के चर्चे खीरी जनपद समेत वन विभाग के लखनऊ मुख्यालय तक है। नकहा क्षेत्र में यह चर्चा आम है कि वन दरोगा शिवकुमार अपनी अवैध कमाई का आधा हिस्सा शारदानगर रेंज कार्यालय में अफसरों व कर्मचारियों पर खर्च करता है। जिसके चलते वन दरोगा के खिलाफ कोई भी विभागीय कार्यवाही नहीं होती और न ही नकहा क्षेत्र में होने वाले अवैध कटान की लकड़ी ही पकड़ी जाती है।

## विद्युत विभाग ने चलाया चेकिंग अभियान

मोहम्मदी खीरी। विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी जगदीश सिंह ने बताया कि नगर जूनियर इंजीनियर मोहम्मद अकमल खान ने नगर में चेकिंग अभियान चलाया, जिसमें २ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई ३रू५० लाख की वसूली की और १० कनेक्शन काटे.गये वही गोकन फीडर के जूनियर इंजीनियर राजकुमार ने २० उपभोक्ताओं के खिलाफ बगैर बिल जमा किए कनेक्शन जुड़े होने पर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

## मिशन शक्ति '(नारी सुरक्षा, नारी सम्मान)

मैगलगंज खीरी। ग्राम लिधियाई में पुलिस अधीक्षक खीरी के निर्देशानुसार प्रभारी निरीक्षक मैगलगंज के द्वारा उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए संचालित मिशन शक्ति अभियान के तहत एक विशेष गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में स्कूली छात्राओं महिलाओं की सुरक्षा के लिए शासन द्वारा लिए गए निर्णय के तहत तत्काल प्रभाव से कार्यवाही किए जाने के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर मुख्य रूप से महिलाओं के लिए थाना प्रभारी का सीयूजी नंबर तथा महिला हेल्पलाइन १०६० के तहत तत्काल प्रभाव से सूचना दिए जाने की बात कही गई, इस अवसर पर थाना मैगलगंज प्रभारी निरीक्षक चंद्रकांत सिंह, निरीक्षक अपराध गौरी शंकर पाल, महिला कांस्टेबल स्मृति मिश्रा, अंकिता चौधारी, कांस्टेबल नीरज यादव, प्रशांत यादव, घनश्याम यादव, गौरव कुमार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए गोष्ठी में प्रधान प्रतिनिधि गौरव शुक्ला तथा स्कूली छात्राएं , गाँव की महिलाएं ,आशा बहुयें उपस्थित रहीं।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संगिनि को बांटे गए स्मार्ट फोन

ईसानगर–खीरी। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ईसानगर में शासन के आदेशों के तहत अधीक्षक डॉ बी० के ०स्नेही द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईसानगर के अधीन कार्य कर रही संगिनियों को सैमसंग कम्पनी के स्मार्टफोन वितरित किये गए।इस दौरान टी० एस० यू ०के जोनल स्पेशलिस्ट सी पी श्री राजीव पांडेय जी भी उपस्थित रहे।इस दौरान डॉ० स्नेही ने बताया कि सरकार द्वारा चलाये जा राष्ट्रीय कार्यक्रमों के सघन ओर त्वरित मॉनिटरिंग के लिए शासन से हमारे ब्लॉक में नियुक्त ११ संगनियो के लिए स्मार्ट फोन जिले से प्राप्त हुए थे जिनको आज सभी संगनियो को प्राप्त करा दिए गए है। अब तक ऑनलाइन रिपोर्टिंग में आ रही कई परेशानियों को अब दूर किया जा सकता है। सभी संगिनियों को अब समय पर रिपोर्टिंग करने के आदेश दिए ।इस दौरान राहुल कुमार बीपीएम ओर बीसीपीएम के ०के० राव उपस्थित रहे।

# सभी गांवों में पंचायत भवन बनाए जा रहे–अजय मिश्र टेनी

निघासन खीरी। भाजपा सांसद अजय मिश्र टेनी ने प्रेसवार्ता के दौरान गेस्टहाउस में बताया है कि खीरी लोकसभा क्षेत्र में नौ नई सड़कें बनाने के लिए ११३. ८५ करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत खीरी लोकसभा क्षेत्र के ६७७ गांवों में से ५८५ में बनाए गए सामुदायिक शौचालयों का सीएम योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ से उद्घाटन किया है। इसके साथ ही बाकी ६२ गांवों में बनने वाले शौचालयों का शिलान्यास भी किया गया है। इसके साथ ही सभी गांवों में पंचायत भवन बनाए जा रहे हैं। सोमवार को पत्रकारों से वार्ता करते हुए सांसद अजय मिश्र टेनी ने बताया कि खीरी लोकसभा क्षेत्र के ३०४ गांवों में से २०७ में नए पंचायत भवन बनाए गए हैं। ६७ पहले से बने भवनों की मरम्मत की जा रही है। कुछ निर्माणाधीन हैं और कुछ का आज शिलान्यास किया गया है। टेनी ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ८२.१२५ किमी लंबाई की नौ नई सड़कों के लिए ११३ करोड़ ८५ लाख ६८ हजार रुपए मंजूर किए गए हैं। इसके साथ ही १८. ७२ किमी लंबी नौ नई सड़कों की मरम्मत के लिए एक करोड़ पच्चासी लाख ६६ हजार रुपए मंजूर किए गए हैं। इनके प्रस्ताव किए जा चुके हैं। तिकुनियां इलाके में बरसात के दौरान बाढ़ और कटान से तबाही मचाने वाली मोहाना, कर्णाली और कंदरहिया आदि नदियों की समस्या उठाने का जिक्र करते हुए सांसद ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर के सामने ये मुद्दे रखे थे। उन्होंने बताया था कि नेपाल ने बिना भारत सरकार की जानकारी के अपने इलाके में मोहाना और कर्णाली नदियों का प्रोंतिक बहाव अवरुद्ध करते हुए कुछ बंधे और तटबंध बना दिए हैं। इससे भारतीय इलाके में तबाही मच रही है। इस पर विदेश मंत्री द्वारा उनको पत्र के जरिए दी गई जानकारी में कहा गया है कि भारत और नेपाल के बीच बहने वाली नदियों से बाढ़ और जलप्लावन से होने वाले नुकसान को कम करने पर नियमित चर्चा होती रहती है। ये इंतजाम आपसी राय–मशविरे से काम करते हैं। इनमें उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल के प्रतिनिधि भी शामिल होते हैं। मोहाना और कर्णाली नदियों के ढाल पर नेपाल के बांध बनाने के बारे में नेपाल के साथ अगली द्विपक्षीय बैठक में चर्चा की जा सकती है। दिसंबर २०१६ में नगर पंचायत का दर्जा हासिल पाने वाले निघासन कस्बे को बुनियादी सहूलियतें तैयार करने के लिए सरकार ने ६७ लाख ५७ हजार १०६ रुपए जारी कर दिए हैं। यह रकम १५वें वित्त से जारी की गई है। इस बाबत जानकारी देते हुए सांसद अजय मिश्र टेनी ने बताया कि यहां प्रशासक की नियुक्ति होने के बाद काम शुरू होगा। प्रशासक तैनाती के लिए सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है। इस रकम से बुनियादी सुविधाओं और जरूरतों के लिए सामग्री खरीदी जाएगी। इनमें ट्रैक्टर, पानी टैंकर, कूड़ा ढोने की ठेलिया, गाड़ियां, फागिंग मशीन आदि शामिल हो सकती हैं। उन्होंने कस्बे में दो सौ बड़ी एलईडी लाइटें मय पोल लगवाने का सुझाव दिया है।

## मुंसिफ कोर्ट चालू करवाने की मांग

निघासन–खीरी। तहसील अधिवक्ता संघ के मंत्री रवि गुप्ता ने प्रशासनिक न्यायमूर्ति, महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री सहित जनपद न्यायाधीश को जरिए डाक मांगपत्र भेजकर मुंसिफ कोर्ट को चालू कराने का अनुरोध किया है। मांगपत्र के माध्यम अवगत कराकर अनुरोध किया कि मुंसिफ कोर्ट बीते कुछ साल पहले से ही पूर्ण रूप से बनकर तैयार हो गया था। अकारण न्यायिक कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं हो सका है जिससे क्षेत्र के लोगों को जिला मुख्यालय के चक्कर लगाने पड़ते है जिससे लोगों के पैसों का अपव्यय भी होता है, करोड़ों रुपये की लागत से बने मुंसिफ कोर्ट के भवन का मन्तव्य भी विफल हो रहा है। निर्मित मुंसिफ कोर्ट में न्यायिक कार्य शीघ्र शुरू कराने की मांग की है।

## मिशन शक्ति अन्तर्गत गोष्ठी का आयोजन, नारियों को किया जागरुक

ओयल–खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी के निर्देशानुसार प्रभारी निरीक्षक थाना खीरी द्वारा उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए संचालित "मिशन शक्ति" नारी सुरक्षा, नारी सम्मान अभियान के तहत गोष्ठी का आयोजन किया गया। नगर के मोहल्ला अम्बेडकर नगर (चमरौधा) में आयोजित गोष्ठी में उपस्थित बच्चियों, स्कूली छात्राओं व महिलाओं को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी फतेह बहादुर ने कहा कि आप सब की सुरक्षा के द्रष्टिगत शासन द्वारा निर्णय लेते हुए निर्देशित किया गया है कि यदि किसी भी घटना की जानकारी मिलती है तो तत्काल उसमें कार्यवाही करने को कहा गया है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी के सामने कोई समस्या उत्पन्न होती है, मुख्य रूप से महिलाओं के लिए तो वही सीयूजी नंबर तथा महिला हेल्पलाइन १०६० तत्काल सूचना दें, ताकि समय रहते उसकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। कार्यक्रम को नगरपंचायत अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता व चौकी इंचार्ज दिलीप प्रजापति ने भी संबोधित करते हुए सरकार द्वारा संचालित विभिन्न सेवाओं के नम्बरों १०६०, १०७६, १०६८, १८१, ११२, १०२, और१०८ पर कल कर सुविधा हासिल करने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता 'सोनू', खीरी थाना प्रभारी फतेह बहादुर, चौकी इंचार्ज दिलीप प्रजापति, सिपाही सचिन कुमार, दीप चन्द, मो० असलम सहित दो महिला सिपाही भी मौजूद रही।

# केंद्र की प्रवृत्ति एजेंसियों को राजनीतिक हथियार की तरह प्रयोग करने की : राहुल

वायनाड। केरल के वायनाड से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आज कहा कि केंद्र की प्रवृत्ति राष्ट्रीय एजेंसियों को राजनीतिक हथियार के रूप में प्रयोग करने की है। मार्च में कोरोना महामारी के फैलने के बाद राहुल पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र गए थे। राहुल कल वायनाड पहुंचे। वह वहां जिला अधिकारियों की ओर से आयोजित बैठक में भाग ले रहे हैं और कल वापस आ जाएंगे। राहुल ने कहा, यह केवल फारूक अब्दुल्ला नहीं है, मुझे मिलाकर कई ऐसे नेता हैं, जिसके खिलाफ एजेंसियों ने मामला दर्ज किया है। सीबीआई और ईडी का प्रयोग दबाव बनाने के लिए किया जा रहा है और ऐसे कार्यो से ये एजेंसियां केवल बर्बाद होंगी। वहीं उन्होंने कृषि बिलों पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा, ये बिल, प्रधानमंत्री के करीबी



एक या दो औद्योगिकी घरानों को फायदा पहुंचाएंगे। यह आम किसानों के लिए एक बहुत बड़ा झटका है। केंद्र ने सोचा कि कोरोनाकाल होने की वजह से किसान शांत रहेंगे, लेकिन ऐसा हुआ नहीं, वे सड़कों पर उतर आएं। खाद्य सुरक्षा की संरचना– खरीद, न्यूनतम समर्थन मूल्य और मंडी पर आधारित है और ये बिल हमें ५० साल पीछे ले जाएंगे। वहीं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के इमरती देवी को अपमानजन शब्द कहने के मामले में राहुल ने नाखुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि यह स्वीकार्य नहीं है। राहुल ने कहा, कमलनाथ जी मेरे पार्टी से हैं, लेकिन निजी तौर पर, मैं इस तरह की भाषा को पसंद नहीं करता हूं जिसका प्रयोग उन्होंने किया। मैं इसकी सराहना नहीं करता हूं, चाहे वह कोई भी हो। यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

# राहुल नाराज पर कमलनाथ माफी नहीं मांगेंगे

नई दिल्ली। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के एक बयान पर राहुल गांधी ने नाराजगी जताई है और कहा है कि वे इस तरह की भाषा पसंद नही करते हैं। इसके बावजूद कमलनाथ ने माफी मांगने से इनकार कर दिया है। असल में कमलनाथ ने उपचुनाव के लिए प्रचार के दौरान राज्य की एक महिला मंत्री को 'आइटम' बोल दिया था, जिसे लेकर प्रदेश भाजपा के नेताओं ने उनको निशाना बनाया है। कमलनाथ इस बयान पर सफाई भी दे चुके हैं। कमलनाथ के इस बयान पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कोई दो दिन के बाद मंगलवार को तीखी प्रतिक्रिया दी। राहुल ने कहा– कमलनाथ भले ही मेरी पार्टी के हैं, वे चाहे जो भी हों, लेकिन जिस भाषा का उन्होंने इस्तेमाल किया है, मैं निजी तौर पर उसे पसंद नहीं करता। राहुल के बयान पर प्रतिक्रिया पूछे जाने पर



कमलनाथ ने कहा– वो राहुलजी की राय है, उनको जो समझाया गया कि किस संदर्भ में मैंने कहा था। मैंने तो साफ कर दिया कि किस संदर्भ में मैंने कहा था, इसमें और कहने की आवश्यकता नहीं है। मैं क्यों माफी मांगूंगा, मैंने तो कह दिया कि मेरा लक्ष्य किसी का अपमान करना नहीं था। अगर कोई अपमानित महसूस करता है, तो मुझे खेद है और ये कल मैंने कह दिया। कमलनाथ ने मुख्यमंत्री को निशाना बनाते हुए कहा– शिवराज सिंह जनता के बीच जाएं और माफी मांगें। मैंने तो खेद जाहिर कर दिया है। असल में कमलनाथ ने रविवार को डबरा में एक चुनावी सभा के दौरान शिवराज कैबिनेट की मंत्री इमरती देवी को 'आइटम' कहा था। कमलनाथ के इस बयान पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और भाजपा नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया समेत कई नेताओं ने मौन धरना दिया था।

# कश्मीर के शोपियां में मुठभेड़ में २ आतंकी ढेर


श्रीनगर। जम्मू और कश्मीर के शोपियां जिले में सुरक्षा बलों के साथ चल रही मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए हैं। कश्मीर पुलिस ने मंगलवार को ये जानकारी दी। गोलाबारी सोमवार को शुरू हुई जब सुरक्षा बलों ने मेलहोरा में एक इलाके की घेराबंदी की और आतंकवादी उपस्थिति के बारे में एक विशेष जानकारी के आधार पर तलाशी अभियान शुरू किया। जैसे ही सुरक्षा बल उस स्थान पर पहुंचे, जहां आतंकवादी छिपे हुए थे, वे आतंकवादियों की फायरिंग की चपेट में आ गए, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। एक आतंकवादी को सोमवार शाम को मार दिया गया, दूसरे को मंगलवार की सुबह ढेर कर दिया गया। पुलिस ने कहा, शोपियां मुठभेड़ में दो अज्ञात आतंकवादी मारे गए हैं। तलाशी अभियान अभी भी जारी है।

# सीबीआई जांच के चलते किसान की फसल बर्बाद, मुआवजा मांगा

हाथरस। बुलगढ़ी गांव के एक किसान, जिसके खेत में १६ वर्षीय दलित युवती के साथ कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया गया, उसका बिना किसी दोष के आर्थिक नुकसान हो रहा है, क्योंकि मामले की सीबीआई जांच चल रही है और सीबीआई टीम इस खेत में अक्सर पहुंचती रहती है। किसान ने नाम जाहिर न करने का आग्रह करते हुए दावा किया कि उसने सीबीआई के अधिकारियों द्वारा अपराध स्थल की घेराबंदी किए जाने और उसे जमीन से दूर रहने की हिदायत दी गई है। ऐसे में उसकी बाजरे की खड़ी फसल बर्बाद हो रही है। किसा ने पत्रकारों से कहा, मुझे कहा गया है कि अपनी नौ बीघा जमीन में फसल की सिंचाई, खेती या कुछ नहीं करूं, ताकि अपराध में सबूतों को संरक्षित रखा जा सके। इसका मतलब है कि लगभग ५०,००० रुपये और मेरे परिवार की महीनों की कड़ी मेहनत का नुकसान। अकिसान ने बाजरे की फसल के नुकसान के लिए मुआवजे की मांग की है। जमीन का मालिक २४ साल का एक युवक है जो जयपुर में काम करता है और खेती के लिए अपनी जमीन ग्रामीणों को 'बटाई' (अनुबंध) पर देता है। जमीन के मालिक ने कहा, मैं जयपुर से हाल ही में लौटा और पाया कि खड़ी फसल सूख गई है, क्योंकि सीबीआई ने खेत मजदूरों को सिंचाई करने की अनुमति नहीं दी। मैं चाहता हूं कि सरकार मुझे हुए नुकसान की भरपाई करे। पुलिस और सीबीआई टीम ने अपराध स्थल की जांच करने या फिर से क्राइम सीन को रीक्रिएट करने के लिए कई बार क्षेत्र का दौरा किया है। बुलगढ़ी गांव में १४ सितंबर को १६ वर्षीय एक दलित युवती के साथ कथित रूप से सामूहिक दुष्कर्म किया गया था और बेरहमी से पिटाई की गई थी।

# लालू प्रसाद ने लगाई जमानत की अर्जी

रांची। चारा घोटाले में लालू प्रसाद को दो मामलों में जमानत मिल चुकी है और उन्होंने तीसरे मामले में जमानत के लिए अर्जी लगाई है। गौरतलब है कि उनको तीन मामलों में सजा हुई है। इनमें से देवघर और चाईबासा ट्रेजरी से पैसे निकासी के मामले में उनको आधी सजा पूरी होने के बाद जमानत मिल गई। अब उन्होंने दुमका कोषागार से निकासी के मामले में जमानत की याचिका लगाई है। लालू के वकील देवर्षि मंडल ने उनकी जमानत याचिका दाखिल की है। बताया गया है कि लालू प्रसाद यादव ने अपनी याचिका में जमानत के लिए यह दलील दी है कि उन्होंने दुमका कोषागार मामले में ४२ महीने जेल में गुजरे हैं। इसी आधार पर उन्होंने जमानत मांगी है। लालू प्रसाद यादव ने जमानत के लिए अपनी बीमारी को भी आधार बनाया है। गौरतलब है कि लालू प्रसाद यादव अभी चारा घोटाला मामले में ही सजा काट रहे हैं। वे बिरसा मुंडा जेल के कैदी हैं। लेकिन अभी अपनी गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए रिम्स में भर्ती हैं। लालू प्रसाद पर दुमका कोषागार, चाईबासा कोषागार के दो मामले,



डोरंडा कोषागार और देवघर कोषागार से अवैध निकासी का आरोप है। बताया जा रहा है कि नौ नवंबर को दुमका मामले में भी उनकी आधी सजा पूरी हो जाएगी। बहरहाल, बिहार में इस समय चुनाव चल रहे हैं और ऐसे में अगर लालू प्रसाद जेल से छूट कर पटना पहुंचते हैं तो उससे राजद के चुनाव अभियान को धार मिलेगी।

# कमल नाथ के 'आइटम' वाले बयान को राहुल गांधी ने बताया दुर्भाग्यपूर्ण

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री कमल नाथ के भाजपा प्रत्याशी इमरती देवी को 'आइटम' कहे जाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है और कहा है कि उन्हें इस तरह का बयान पसंद नहीं है। अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड पहुंचे राहुल गांधी ने मीडिया से कहा, कमल नाथ जी मेरी पार्टी के हैं। लेकिन व्यक्तिगत रूप से मुझे इस तरह के बयान पसंद नहीं हैं। कोई भी ऐसा बयान दे, मुझे पसंद नहीं। ये दुर्भाग्यपूर्ण है। रविवार को डबरा में चुनाव प्रचार के दौरान कमल नाथ ने भाजपा उम्मीदवार इमरती देवी को 'आइटम' कह दिया था, जिसका भाजपा ने कड़ा विरोध किया और सोमवार को कई जगहों पर दो मिनट का मौन व्रत भी रखा। हालांकि कमल नाथ ने इस पर सफाई भी दी और कहा कि उन्हें इमरती देवी का नाम अचानक से याद नहीं आ रहा था जिसके चलते उन्होंने आइटम कह दिया। कांग्रेस ने ये भी कहा था कि भाजपा असली मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए विरोध कर रही है। बता दें कि इमरती देवी मध्यप्रदेश की शिवराज सरकार में महिला एवं बाल विकास मंत्री हैं।

# लोजपा प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे राबड़ी आवास, तेजस्वी से की मुलाकात

पटना। बिहार चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से अलग होकर अकेले चुनाव लड़ रही लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद प्रिंस राज आज पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास पर पहुंचे और उनसे तथा राजद के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद कई तरह के कयास लगाए जाने लगे हैं। लोजपा नेता आज सुबह राबड़ी देवी आवास पहुंचे और तेजस्वी यादव से मुलाकात की। मुलाकात के बाद आवास से बाहर निकले प्रिंस राज ने हालांकि इसे राजनीतिक मुलाकात नहीं बल्कि पारिवारिक मुलाकात बताया। प्रिंस राज ने पत्रकारों से कहा, मैं अपने बड़े पापा दिवंगत रामविलास पासवान के श्रद्धांजलि सभा में शामिल होने को लेकर न्यौता देने राबड़ी आवास आया था। राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव से मुलाकात हुई है। इसे राजनीति से जोड़ना सही नहीं है। उन्होंने कहा कि दिवंगत नेता



पासवान का सभी नेताओं से संपर्क था। कई लोगों से व्यक्तिगत तौर पर जाकर आयोजन में आने का निमंत्रण दे रहा हूं। पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान का श्राद्धकर्म पटना के आवास पर है, इसमें कई नेताओं के पहुंचने की संभावना है। इधर, इस खबर के बाद से बिहार के सियासी गलियारों में तरह–तरह के कयास लगाए जाने लगे हैं।

# यूपी उपचुनावों में सहानुभूति का मुद्दा कितना प्रमुख है, इसका होगा लिटमस टेस्ट

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में विधानसभा की सात सीटों के लिए उपचुनाव हो रहे हैं। इसमें चार सीटों पर किसी ना किसी विधायक के निधन के कारण चुनाव हो रहा है। चुनावी बयार में सहानुभूति काफी महत्व रखती है। उपचुनावों में सहानुभूति का मुद्दा कितना प्रमुख है, इसका लिटमस टेस्ट होगा। भारतीय क्रिकेट टीम में बल्लेबाज रह चुके चेतन चौहान अमरोहा जिले की नौगांवा विधानसभा सीट से २०१७ में विधायक चुने गए थे। क्रिकेट से संन्यास लेकर वह राजनीति में सक्रिय भूमिका निभा रहे थे। चौहान योगी सरकार में सैनिक कल्याण, होम गार्ड, पीआरडी, नागरिक सुरक्षा विभाग के मंत्री थे। उनका बीते दिनों कोरोना संक्रमण से निधन हो गया था। इस सीट पर उनकी पत्नी संगीता चौहान को भाजपा ने चुनावी मैदान में उतारा है। चौहान जनता के बीच में खासे लोकप्रिय रहे हैं। वह




सांसद भी रह चुके थे। इस कारण उनका जनता से काफी जुड़ाव रहा है। उनकी पत्नी के साथ चेतन की सहानुभूति और पार्टी की ताकत है। बुलंदशहर से विधायक रहे वीरेन्द्र सिरोही का प्रदेश की राजनीति में अच्छा रसूख था। सिरोही सामान्य से शिखर पर पहुंचे थे। भाजपा और बसपा के गठबंधन से बनी सरकार में मायावती के मुख्यमंत्री कार्यकाल में वीरेंद्र सिंह सिरोही राजस्व मंत्री बने। उनके निधन से खाली हुई सीट पर उनकी पत्नी ऊषा सिरोही को भाजपा ने अपना उम्मीदवार बनाया है। चेतन और सिरोही के प्रति जनता के लगाव का उपचुनाव में इम्तिहान होना है। हलांकि भाजपा ने इसके ठीक उलट घाटमपुर सीट पर कैबिनेट मंत्री रहीं कमलरानी वरुण की जगह परिवार से बाहर के व्यक्ति को टिकट दिया है। ऐसे ही भाजपा ने देवरिया की सदर सीट पर दिवंगत जन्मेजय सिंह के बेटे अजय सिंह को टिकट नहीं दिया। वह बागी होकर निर्दलीय अपने पिता की सहानुभूति के बदौलत मैदान में कूदे हैं।

# जमीन मामले मे धोखाधड़ी करने वाला वांछित गिरफ्तार

लखनऊ। मोहनलालगंज पुलिस द्वारा जमीन के मामले मे धोखाधड़ी में वांछित चल रहे अभियुक्तों को किया गिरफ्तार भेजा जेल पुलिस




द्वारा जानकारी के मुताबिक उप निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद यादव मय पुलिस बल के साथ कस्बा मोहनलालगंज में शांति व्यवस्था हेतु मौजूद थे तभी मुखबिर द्वारा सूचना मिली की जमीन धोखाधड़ी के मामले में वांछित चल रहे चारों युवक मौके पर मौजूद हैं सूचना मिलते ही पुलिस मुखबिर के बताए हुए स्थान पर जा पहुंची जहां पर कुछ संदिग्ध युवक दिखाई पड़े जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे लेकिन समय रहते ही पुलिस ने घेर कर उन्हें मौके पर ही दबोच लिया नाम पता पूछने पर उन्होंने अपना नाम शिवरतन निवासी ग्राम सिठौली कला थाना गोसाईगंज व बलराम पता उपरोक्त व दिवाकर एवं धर्मराज निवासी ग्राम अनूप खेड़ा थाना गोसाईगंज जनपद लखनऊ बताया प्रभारी निरीक्षक जीडी शुक्ला ने बताया अभियुक्त गणों द्वारा जमीन की धोखाधड़ी कर अवैध लाभ कमाने के असय से कूट रचित दस्तावेज तैयार कर जमीन बेचने का आरोप है इनके विरुद्ध जमीन धोखाधड़ी के मामले में मुकदमा पंजीकृत है जिन्हें पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।

# वरुण धवन ने फिल्म इंडस्ट्री में आठ साल पूरे किए

मुंबई। बॉलीवुड के चॉकलेटी हीरो वरुण धवन ने फिल्म इंडस्ट्री में अपने आठ साल पूरे कर लिये हैं। करण जौहर की फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' से वरुण धवन ने बॉलीवुड में अपने करियर की शुरूआत की थी। यह फिल्म १६ अक्टूबर, २०१२ को रिलीज हुई थी। वरुण धवन ने फिल्म इंडस्ट्री में अपने आठ साल पूरे कर लिये हैं। वरूण ने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपने फैंस को धन्यवाद देते हुए एक प्यारा सा नोट लिखा है। वरुण धवन ने अपने ट्विटर हैंडल पर फिल्म प्रमोशन के दौरान फैंस के साथ की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ वरुण धवन ने



लिखा, "आपके और मेरे बीच शुरू हुए इस सफर को आठ साल हो चुके हैं। जब किसी ने मुझ पर विश्वास नहीं किया तब विश्वास करने के लिए शुक्रिया। मुझे हर शहर का दौरा याद है। इस दौरान आपके पत्र, तोहफे, टैटू और सबसे जरूरी चीज प्यार। मैं जब भी रोया आप भी रोए, मैं हंसा तो आप भी हंसे, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मुझे पता है कि मैंने जो कुछ भी किया है, उसे आपने सराहा है। सुरक्षित रहें सभी को प्यार, वरुण।" वरुण धवन आखिरी बार फिल्म 'स्ट्रीट डांसर ३डी' में श्रद्धा कपूर के साथ नजर आए थे। वरुण धवन अब अपने पिता के निर्देशन में बनी फिल्म 'कुली नं. १' में सारा अली खान के साथ नजर आएंगे।

## काकोरी पुलिस ने वांछित वारंटी को किया गिरफ्तार

लखनऊ। काकोरी पुलिस ने वांछित वारंटी व्यक्तियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में सोमवार को इलाके के बेहटा गांव के पास सुबह रामगोपाल उर्फ छोटू निवासी ग्राम बेहटा को एक अदद नाजायज तमंचा १२ बोर व एक अदद जिंदा कारतूस १२ बोर के साथ पकडने में सफलता हासिल की है। प्रभारी निरीक्षक काकोरी प्रमेन्द्र सिंह ने बताया कि गिर तार किए गए व्यक्ति के ऊपर कई आपराधिक मामले दर्ज है।

# अभिषेक-राजकुमार की 'लूडो' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड के जूनियर बी अभिषेक बच्चन और राजकुमार राव की आने वाली फिल्म 'लूडो' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। यह फिल्म १२ नवंबर को ओटीटी पर रिलीज हो रही है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि एक



लड़की की किडैनपिंग हो गई है। यह किडनैपर कोई और नहीं बल्कि अभिषेक बच्चन का किरदार है। हालांकि, यह उसकी पहली किडनैपिंग है। वहीं, राजकुमार राव जो कि एक वेटर का किरदार निभा रहे हैं, के सामने है। बॉलीवुड फिल्मकार अनुराग बसु की मल्टी स्टारर कमेडी फिल्म 'लूडो' में अभिषेक बच्चन, राजकुमार राव, सान्या मल्होत्रा, आदित्य रॉय कपूर, पंकज त्रिपाठी, फातिमा सना शेख जैसे सितारे मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म 'लूडो' भी एक किडनैपिंग का मामला है। उन्हें अपनी पूर्व प्रेमिका के पति को आजाद कराना है। इसके अलावा इन सबके बॉस हैं पंकज त्रिपाठी। ऐसे में सारे किरदार जाने-अनजाने में एक ही ओर भाग रहे हैं।

# अदा शर्मा ने साझा किया 'बांसुरीवाले भइया' का वीडियो

मुंबई। अभिनेत्री अदा शर्मा सोशल मीडिया के जरिए एक ऐसे संगीतकार की मदद कर रही हैं, जो लॉकडाउन के दौरान खाली सड़कों पर रह रहा है। अदा के इंस्टाग्राम पर लगभग ५० लाख फलोअर्स हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया है जिसमें एक बांसुरी वादक एक मधुर धुन बजा रहा है। उन्होंने इस वीडियो को कैप्शन दिया, "बांसुरीवाले भइया से मिलिए! उनसे एक बांसुरी खरीदने और सीखने के लिए संपर्क करें (मुंबई)। वह लॉकडाउन में खाली सड़कों पर घूम रहे हैं। सभी दर्शक घर पर बैठे हैं, फिर भी पूरे मनोयोग से वह बांसुरी बजा रहे हैं। मुझे लगा कि वो इस योग्य हैं कि उन्हें मेरे सोशल मीडिया के जरिए लाखों लोग सुनें। अदा ने अन्य प्रतिभाशाली लोगों को बढ़ावा देने



के लिए भी अपना सोशल मीडिया प्लेटफर्म उपयोग करने की बात कही है। उन्होंने कहा, "यदि आपके पास कोई प्रतिभा है और आप उसे दिखाना चाहते हैं तो आप मेरे साथ सहयोग कर सकते हैं और मेरे इंस्टाग्राम का उपयोग कर सकते हैं!

हमारे अन्य प्रतिनिधि
संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370
प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली
विधिक सलाहकार
सुरेश नारायण मिश्र
क्षेत्रीय सम्पादक
सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289
मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
आर.एन.आई
UPHIN/2010/32566

सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178

Email-
adbhutsamachar@yahoo.in
adbhut_samachar@rediffmail.com
सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक